डा0 ए0पी0जे0 अब्दुल कलाम प्राविधिक विश्वविद्यालय, उत्तर प्रदेश
जानकीपुरम विस्तार, सेक्टर–11, सीतापुर रोड, लखनऊ–226031

विज्ञापन संख्या–ए0के0टी0यू0 / कुस0का0 / भण्डार / 2025 / 1455 दिनांक: 28.06.2025

# शैक्षणिक पदों पर सीधी भर्ती

विज्ञापन संख्या–ए0के0टी0यू0 / कुस0का0 / भण्डार / 2024 / 934 दिनाक–09.07.2024 के माध्यम से प्रकाशित शैक्षणिक पदों के विज्ञापन को अतिक्रमित करते हुए पुनः चारों सहयुक्त संस्थाओं राजकीय इंजीनियरिंग कालेज, गोण्डा, राजकीय इंजीनियरिंग कालेज, बस्ती, राजकीय इंजीनियरिंग कालेज, मिर्जापुर एवं राजकीय इंजीनियरिंग कालेज, प्रतापगढ़ के रिक्त शैक्षणिक पदों (विश्वविद्यालय वेबसाइट पर विज्ञापन के साथ प्रदर्शित तालिका में सूचीबद्ध) पर सीधी भर्ती हेतु भारतीय नागरिकों से ऑनलाइन आवेदन पत्र आमंत्रित करता है। विभिन्न पदों हेतु निर्धारित अर्हता एवं अनुभव का विवरण विश्वविद्यालय की वेबसाइट पर उपलब्ध है। भर्ती हेतु आवेदन से संबंधित समस्त सूचनाएं विश्वविद्यालय की वेबसाइट **https://aktu.ac.in** पर दिनांक 30.06.2025 से उपलब्ध होंगी तथा आनलाइन आवेदन करने की अंतिम तिथि 21.07.2025 होगी। आवेदन पत्र की हार्ड कापी सभी संलग्नकों सहित जमा करने की अंतिम तिथि 26.07.2025 होगी। निर्धारित तिथि के उपरान्त प्राप्त होने वाली हार्ड कापी को स्वीकार नहीं किया जायेगा एवं आवेदन पत्र को निरस्त माना जायेगा। **पूर्व में प्रकाशित उक्त विज्ञापन में जिन अभ्यर्थियों द्वारा आवेदन किया गया था, उन अभ्यर्थियों को नया आवेदन करते समय अपना पुराना रजिस्ट्रेशन नम्बर एवं ट्रान्जेक्शन आई0डी0 अंकित करना अनिवार्य होगा। उक्त विज्ञापन के सापेक्ष पूर्व में जिन अभ्यर्थियों द्वारा आवेदन किया गया था उनको दोबारा निर्धारित शुल्क देय नहीं होगा।** रिक्त पदों की संख्या बिना किसी पूर्व सूचना के परिवर्तित की जा सकती है और इस संबंध में कोई दावा स्वीकार नहीं किया जाएगा। किसी पद या समस्त पदों को न भरने का अधिकार विश्वविद्यालय के पास सुरक्षित है। राज्यपाल सचिवालय / उत्तर प्रदेश शासन द्वारा समय–समय पर निर्गत सुसंगत नियम एवं आदेश लागू होंगे। उक्त विज्ञापन के संबंध में यदि कोई शुद्धिपत्र जारी होता है तो वह विश्वविद्यालय की वेबसाइट **https://aktu.ac.in** पर ही जारी होगा।

**कुलसचिव**